# दिन जिंदगी के चार चाहे कम देना भजन लिरिक्स

दिन जिंदगी के चार,
चाहे कम देना,
मुझे खाटू में अगला,
जनम देना,
तेरी चौखट पे,
जनम मरण देना,
मुझे खाटू में अगला,
जनम देना।bd।

---

तेरे दरबार की,
मैं करूँ चाकरी,
दर पे भजनो से,
लगती रहे हाजरी,
मेरी अर्जी में,
थोड़ा वजन देना,
मुझे खाटू में अगला,
जनम देना।bd।

---

एक पल ना बिसारु,
मैं बाबा तुझे,
सुख में दु:ख में,
पुकारू प्रभु मैं तुझे,
मेरी वाणी में,
श्याम इतना दम देना,
मुझे खाटू में अगला,
जनम देना।bd।

---

तेरे चरणों की रज,
सदा माथे धरूँ,
तेरी सेवा में,
तनमन समर्पित करूँ,
ऐसे अच्छे तू,
मुझको करम देना,
मुझे खाटू में अगला,
जनम देना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिंदगी का मेरे,
जब हो अंतिम सफर,
तेरे चरणों में,
रखा हो 'रोमी' का सर,
मेरे तन पे तेरे,
नाम का कफ़न देना,
**Bhajan Diary Lyrics,**
मुझे खाटू में अगला,
जनम देना।bd।

---

दिन जिंदगी के चार,
चाहे कम देना,
मुझे खाटू में अगला,
जनम देना,
तेरी चौखट पे,
जनम मरण देना,
मुझे खाटू में अगला,
जनम देना।bd।

**Singer / Lyrics – Sardar Romi Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com